# फल और सब्ज़ियां बेचना

## फल एवं सब्जी विक्रेताओं के लिए सूचना

दक्षिण ऑस्ट्रेलिया में फलों की मक्खी के प्रकोप का मतलब है कि उन फलों और सब्ज़ियों को बेचने वाले स्थानीय व्यवसायों पर प्रतिबंध लागू हैं, जिनपर फलों की मक्खी का ख़तरा है। इन्हें होस्ट (मेज़बान) उत्पाद कहा जाता है।

**यह व्यवसाय फल की मक्खी के प्रकोप वाले लाल क्षेत्र में स्थित है।**

**fruitfly.sa.gov.au/outbreak-map** पर जा कर पता लगाएँ कि फल की मक्खी का प्रकोप कहाँ मौजूद है।

## आपको क्या करने की आवश्यकता है

कुछ चीज़ें हैं जो आपको फल की मक्खी के प्रकोप वाले लाल क्षेत्र के भीतर मेज़बान फल और सब्ज़ियां (संलग्न उत्पाद सूची देखें) बेचने के लिए करनी होंगी।

### मेज़बान फल और सब्जियों की सुरक्षा करें

#### अंदरूनी स्थानों में

मेज़बान फलों और सब्जियों को बिना ढके घर के अंदर प्रदर्शित किया जा सकता है, लेकिन आपको उन्हें किसी भी ऐसे खुले पहुंच के स्थान (जैसे दरवाज़े या खिड़कियां जो सीधे बाहरी वातावरण की ओर खुलते हैं) जो बंद नहीं रखे जाते हैं, उनसे 1.5 मीटर से अधिक की दूरी पर रखना चाहिए।

#### बाहरी स्थानों पर

मेज़बान फलों और सब्ज़ियों को बाहरी स्थानों में तभी प्रदर्शित किया जा सकता है जब उन्हें सुरक्षित और ढक कर रखा जाए।

ढके हुए का अर्थ है 1.6 मिलीमीटर से बड़ा कोई छेद न हो, जिनमें शामिल हो सकते हैं:

- ✓ प्लास्टिक बैग (बंधे या सील किए गए, इनमें बने छेद 1.6 मिलीमीटर से अधिक बड़े न हों)
- ✓ क्लिंग रैप ट्रे।
- ✓ टेप से सील किए गए कार्डबोर्ड बॉक्स (कोई छेद न हों)
- ✓ फ्लाई प्रूफ नेटिंग (जाल) के साथ उपज को ढकना
- ✓ उपज को 13 डिग्री सेल्सियस के नीचे रखना

## मेज़बान फल और सब्ज़ियों को जुटाना

- आप लाल प्रकोप वाले क्षेत्र और पीले निलंबित क्षेत्र में उगाए गए फलों और सब्ज़ियों को बेच या दान नहीं कर सकते जब तक कि उनके ऊपर फल की मक्खी को नियंत्रित करने वाला कोई स्वीकृति प्राप्त उपचार न किया गया हो और PIRSA द्वारा अनुमति प्राप्त न हो। **प्रकोप नक्शा देखें** **fruitfly.sa.gov.au/outbreak-map**
- मेज़बान फलों और सब्ज़ियों को ले जाने से जुड़े प्रतिबंधों को समझें। इन्हें लाल प्रकोप वाले या पीले निलंबित क्षेत्र से बाहर **नही निकाला जा सकता**, जब तक कि उन्हें भंडारण के दौरान, प्रदर्शित किए जाने के समय, इस स्थान पर लाते समय और यहाँ से ले कर जाते समय ढक कर और सुरक्षित न रखा गया हो।

## मेज़बान फलों और सब्जियों का निपटान



अवांछित फल और सब्ज़ियां आपके हरे कचरे के डिब्बे में जाने चाहिए। यदि आपके पास हरे बिन की पहुंच प्राप्त नहीं है, तो इस व्यर्थ सामान को दोहरे बैग में डालें और उसे सामान्य कचरे के डिब्बे (general waste bin) में डाल दें।

## आपके सहयोग के लिए धन्यवाद

आपकी मदद से हम सब मिलकर दक्षिण ऑस्ट्रेलिया को फलों की मक्खी से बचा सकते हैं। अगर आप कोई प्रश्न पूछना चाहते हैं, तो **1300 666 010** रीसेप्शन को फ़ोन करें। हमारे निरीक्षक नियमित रूप से निरीक्षण करेंगे और किसी भी प्रश्न का जवाब देने के लिए व्यवसायों की सहायता कर सकते हैं।

कृपया अपनी जानकारी को नवीनतम बनाए रखें और प्रतिबंधों को समझें, **fruitfly.sa.gov.au** पर जाएँ।

# क्वीन्सलैंड और मेडिटेरेनियन फ्रूट फ्लाई के लिए मेज़बान फल और सब्ज़ियां

